हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 5 अगस्त, 2025

11 सावन के अंतिम सोमवार को जोगीवाला शिव मंदिर ...



12 'न दूध और न ही मिल रही पीन्नी'



**खबर संक्षेप**

### सिंघानी में शहीदी दिवस पर होगी प्रतियोगता

**लोहारू।** नवाबी हुकूमत के दौरान हुए आंदोलन में हुए 23 शहीदों की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला 91वां शहीदी दिवस समारोह 7 और 8 अगस्त 2025 को सिंघानी में आयोजित होगा। इस दौरान खेलकूद प्रतियोगिता होंगी और शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। यह जानकारी समिति प्रधान विकास श्योराण ने दी। विकास श्योराण ने बताया कि 7 अगस्त को लड़के और लड़िकयों के लिए दौड़ आयोजित होगी। इसी दिन नेशनल ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन होगा। 8 अगस्त को श्रद्धांजलि सभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा।

### दुकान पर काम करने वाला व्यक्ति लापता

**बहल।** बहल कस्बे में बिजली की दुकान पर काम करने वाला गांव चैहड़ खुर्द निवासी व्यक्ति लापता हो गया। पुलिस को दी शिकायत में चैहड़ खुर्द निवासी सोमबीर ने बताया कि उसका छोटा भाई सतबीर बहल कस्बे में भिवानी रोड पर बिजली की दुकान में काम करता था। 2 अगस्त की शाम को वह दुकान से किसी को बिना बताए अचानक से कहीं चला गया और उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पाया।

### अवैध शराब की पेटियों सहित दो गिरफ्तार

**बवानीखेड़ा।** थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लेकर जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों को गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर दबोचा गया है। आरोपियों की पहचान विकास निवासी चीड़ी थाना लाखन माजरा जिला रोहतक और प्रदीप अवतार निवासी मढाणा जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों से चार पेटी अवैध शराब देशी बरामद की है।

### बड़ चौक पर 17 को लगेगा दूसरा रक्तदान शिविर

**भिवानी।** रक्तदान महादान होता है, इसलिए कुछ सामाजिक कार्यकर्ता और सामाजिक संस्थान समय समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करते रहते है। वरिष्ठ फोटोग्राफर अशोक शर्मा व देवेंद्र वर्मा डीके ने बताया कि 17 अगस्त रविवार को फोटोग्राफर भाईचारा ग्रुप व वंशिका फाउंडेशन के सौजन्य से विश्व फोटोग्राफी दिवस पर कैंसर मरीजों की सहायता के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।
ये शिविर दूसरी बार महम रोड बड़चौक स्थित कैरियर प्लेनेट स्कूल में सुबह नौ बजे से 2 बजे तक लगाया जाएगा।

### निगाना फीडर ओवरफ्लो होने से भारी नुकसान

**भिवानी।** निगाना फीडर के ओवरफ्लो होने के कारण सांगवान, दांग खुर्द, दांग कलां, रिवासा और ढाणी रिवासा सहित कई गांवों में लगभग 400 एकड़ कृषि भूमि पानी में डूब गई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। युवा कांग्रेस की सक्रिय नेत्री एडवोकेट मुकेश ढाणीमाहु ने इस घटना को सरकार और प्रशासन की घोर लापरवाही बताया है और पीड़ित किसानों के लिए तत्काल मुआवजे की मांग की है। एडवोकेट मुकेश ढाणीमाहु ने कहा कि प्रशासन को कई बार फीडर की मरम्मत और साफ-सफाई के लिए सूचित किया था, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। समय रहते उचित कदम ना उठाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई, जिसके चलते किसानों की तैयार फसलें बर्बाद हो गई। एडवोकेट मुकेश ढाणीमाहु ने सरकार से तत्काल सर्वे करवाकर फसलों के नुकसान का आकलन करने और पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन को किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

# 95 साल के बाद समान दिन, समय, नक्षत्र एवं योग में मनाया जाएगा राखी का त्योहार

## बाजारों में कोलकाता की जरी बुटी, कुंदन, चंदन व स्पेशल नग वाली राखियों की मची धूम

■ बाजार में बिक रही बच्चों की छोटा भीम, स्पाइडरमैन, मोटू पतलू, डोरीमोन, घड़ी व टॉर्चवाली राखियां

राकेश भटठी ▶▶| भिवानी





**भिवानी।** बाजार में दुकान पर लगी स्टॉल पर राखी खरीदती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

शनिवार नौ अगस्त को भाई बहन का पवित्र रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाएगा, जिसमें बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा कवच के रुप में राखी बांधेगी और भाई बहन को आशीर्वाद स्वरूप उपहार व उसकी सुरक्षा का वचन देगा। वर्ष 1930 के वैदिक पंचांग गणना के अनुसार शनिवार नौ अगस्त के दिन ही राखी का त्योहार श्रवण नक्षत्र शाम चार बजकर 41 मिनट तक था और बव एवं बालव करण के संयोग थे। अब 95 साल बाद राखी का त्योहार समान दिन एवं समय, नक्षत्र एवं योग में पुनः मनाया जाएगा। इस बार कोलकाता की जरी बुटी, कुंदन, चंदन व स्पेशल नगवाली राखियों की बाजार में धूम मची हुई हैं। वहीं भगवान गणेशजी, भगवान शिव, राधा श्रीकृष्ण, श्रीराम व लड्डू गोपाल सहित अनेक देवी देवताओं के नाम की राखियों से रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाएगा। वहीं बाजार में बच्चों की स्पेशल कार्टून वाली छोटा भीम, स्पाइडरमैन, मोटू पतलू, डोरीमोन, घड़ी व टॉर्चवाली राखियां खूब बिक रही हैं।

उल्लेखनीय हैं कि साल 1930 के वैदिक पंचांग गणना अनुसार शनिवार नौ अगस्त के दिन ही राखी का त्योहार श्रवण नक्षत्र में शाम 4:41 बजे तक मनाया गया था, जो अब 95 साल बाद समान दिन एवं समय, नक्षत्र एवं योग में पुनः मनाया जाएगा। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहेगा और नौ को सुबह 5:21 से दोपहर 1:24 बजे तक राखी बांधने का विशेष शुभ मुहूर्त रहेगा, जिसमें बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा कवच के रुप में राखी बांध सकती हैं। रक्षाबंधन पर्व से पूर्व बाजारों में राखियों की खरीददारी के लिए जबरदस्त भीड़ देखी जा रही हैं। बाजार में प्रत्येक दुकान के बाहर राखियों की स्टॉल लगी हुई हैं, जहां महिलाएं राखियों की भीड़ से अपने भाईयों के लिए सुंदर से सुंदर राखियां पसंद कर रही हैं। बाजार में इस बार कोलकाता की जरी बुटी, कुंदन, चंदन व स्पेशल नगवाली राखियों की धूम मची हुई हैं। इस बार हिंदु देवी देवताओं में भगवान गणेशजी, भगवान शिव, राधा श्रीकृष्ण, श्रीराम व लड्डू गोपाल की राखियां खूब बिक रही हैं, जिन्हें बहने बड़े चाव से खरीद रही हैं। बहनें भगवानों के नाम की राखियां अपने भाई की कलाई पर बांधकर भगवान से आशीर्वाद एवं सुरक्षा वचन की मन्नतें मांगेंगी। वहीं बाजार में बच्चों के लिए छोटा भीम, स्पाइडरमैन, मोटू पतलू, डोरीमौन, घड़ी व टॉर्चवाली राखियां आई हुई हैं, जिनकी काफी डिमांड हैं।

### ये रहेंगे राखी बांधने के मुहूर्त



केएल ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के ज्योतिषाचार्य विजय शर्मा ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन पर्व पर भद्रा का साया नहीं रहेगा और नौ अगस्त को राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 5:21 से लेकर दोपहर 1:24 बजे तक रहेगा। वहीं रक्षाबंधन पर दो शुभ योग बन रहे हैं। सौभाग्य योग नौ को सुबह से लेकर रात्रि 2:15 बजे तक, सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 5:47 बजे से दोपहर 2:23 बजे तक रहेंगे। वहीं ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:22 बजे से 5:04 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:17 बजे से 12:53 बजे तक रहेगा। वैदिक पंचांग के अनुसार 8 अगस्त को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर सावन महीने की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत होगी। वहीं 9 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट पर पूर्णिमा तिथि समाप्त होगी।

### देवी देवताओं के नाम की राखियां 50 से 100 रुपये में बिक रही

जगदीश कंगन पैलेस के संचालक पवन लखेरा, रतन चूड़ी भंडार के मनीष गोयल, विजय चूड़ी भंडार के अमित गोयल, जितेंद्र गजनी, अनूप शर्मा टेला ने बताया कि इस बार कोलकाता की जरी बुटी, कुंदन, चंदन व स्पेशल नगवाली राखियों की बाजार में धूम मची हुई हैं, जो 70 से 250 रुपये तक बिक रही हैं। वहीं भगवान गणेशजी, भगवान शिव, राधा श्रीकृष्ण, श्रीराम व लड्डू गोपाल सहित अनेक देवी देवताओं के नाम की राखियां 50 से 100 रुपये, बच्चों की स्पेशल कार्टून वाली छोटा भीम, स्पाइडरमैन, मोटू पतलू, डोरीमोन, घड़ी, म्यूजिक वाली व टॉर्चवाली राखियां 30 से 100 रुपये में खूब बिक रही हैं। इसके अलावा लूम्बा वाली, ब्रासलेट, सतिया, मोली वाली, भाई भाभी जोड़ेवाली राखी भी 50 से 150 रुपये में बिक रही हैं, जिसकी काफी डिमांड हैं।

### भगवान श्रीकृष्ण व द्रोपदी से जुड़ा हैं रक्षाबंधन पर्व

केएल ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के ज्योतिषाचार्य विजय शर्मा ने बताया कि रक्षाबंधन की कहानी महाभारत काल से जुड़ी है, जब भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का वध किया था, तब भगवान श्रीकृष्ण की अंगुली में सुदर्शन चक्र से कट लग गया था, जिससे रक्त बहने लगा था। इस दौरान द्रौपदी ने अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर भगवान श्रीकृष्ण की अंगुली पर बांध दिया था। ऐसा माना जाता है कि जिस दिन ये घटना हुई उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा थी।

कहते हैं तभी से इसी दिन रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाने लगा और बहनें अपने भाइयों के हाथ में रक्षासूत्र बांधने लगी।



### सुमित्रा देवी की रिटायरमेंट पर विदाई समारोह

**बहल।** महिला एवं बाल विकास विभाग के बहल खंड के ओबरा सर्कल के गांव ओबरा में कार्यरत आंगनबाड़ी सहायिका सुमित्रा देवी को उनका सेवाकाल पूरा होने पर विदाई दी गई। विदाई समारोह में विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनकी सेवा की प्रशंसा की व उनके द्वारा समाज हित में दिए गए योगदान की सराहना की। सोमवार को ओबरा केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ता सीमा ने कहा कि एक कर्मचारी के लिए यह बहुत ही भावुक क्षण होता है जब वह निष्ठा और ईमानदारी से अपनी सेवा पूरी करता है। उन्होंने कहा कि सुमित्रा ने भी अपनी सेवा को पूरी लगन से पूरा किया और विभाग द्वारा दिए कार्यों को पूरी निष्ठा और दायित्व से पूरा किया। इस अवसर पर उर्मिला हरियावास, सिलोचना, मनीषा, बलजीत, भतेरी, मायापती, सुमन, मुकेश सहित अनेक कार्यकर्ता व सहायिका मौजूद रही।

## कर्मचारियों ने किया कार्य का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



■ जियो फेंसिंग के विरोध में उतरे स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत सभी कर्मचारी

जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने आदेश के विरोध में जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत तमाम अधिकारियों, चिकित्सकों , नर्सिंग तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे से 11 बजे तक कार्य का बहिष्कार रोष प्रदर्शन किया।

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्ष शर्मिला देवी, जिला प्रधान रविन्द्र व सचिव महिपाल, हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसीज एसोसिएशन के डा. आशिष , डा. मनीष श्योराण , डा. राकेश, फार्मेसी ऑफिसर एसोसिएशन से अनिल झावरी, सजंय, कुलदीप, नर्सिंग एसोसिएशन सरला देवी, अनिता, उर्मिला देवी, क्लेरिकल एसो. से जितेन्द्र, स्टेनो एसो. के संदीप सिंह व बाज सिंह, लैब टेक्नीशियन एसो. की सुमित्रा उर्मिल व वैशाली ने बताया कि जिस तरह से आज जिला के तमाम अधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सिंग तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने एकजुट होकर एक घण्टे कार्य का बहिष्कार करते हुए प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था के सम्मुख रोष प्रदर्शन कर जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति के गैर कानूनी आदेशों को नकार दिया है। तालमेल कमेटी के नेताओं ने बताया कि यदि इस रोष प्रदर्शन के बावजूद भी जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति दर्ज करने के उक्त आदेश को निरस्त नही किया गया तो 10 को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की होने वाली बैठक में आन्दोलन का ऐलान कर दिया जाएगा। सिविल सर्जन कार्यालय पर हुए रोष प्रदर्शन में जियो फेंसिंग के आदेश को वापिस लेने की मांग की।



### सर्वसम्मति से प्रधान बने मनीष और संजय

**तोशाम।** एचएसईबी यूनियन एडहॉक कमेटी के दिशा निर्देशानुसार तोशाम-1 व तोशाम-2 सब यूनिट का चुनाव चुनाव अधिकारी सिटी यूनिट प्रधान मनोज बल्लू बामला, सचिव राजकुमार जटासरा की देखरेख में आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजित बैठक की अध्यक्षता उमेश बुशान ने की तो मंच संचालन अनिल ने किया। जिसमें सब यूनिट का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ।
इस मौके पर मनीष बुशान को सर्वसम्मति से तोशाम-1 सब यूनिट का प्रधान चुना गया वहीं मुकेश कुमार को उपप्रधान, रामवीर शिमली को सचिव, जुम्मरदिन को सचिव, विजेंद्र को खजांची तथा सोमवीर नैन को संगठनकर्ता चुना गया। इसी कड़ी में सर्वसम्मति से ही तोशाम-2 सब यूनिट का प्रधान संजय को चुना गया तो उपप्रधान प्रदीप नलवा, सचिव संदीप, सहसचिव भीष्म सोनी, खजांची दीपक गोयल तथा संगठनकर्ता मुकेश को चुना गया। इस मौके पर सिटी भिवानी से मोंटी, जगजीवन जेई, वजीर, महेंद्रपाल, सोमपाल, राजेंद्र, अजय शर्मा, राजकुमार, सुनील, नसीब आदि विभिन्न कर्मचारीयों ने भाग लिया।

## 100 मीटर दौड़ में संडवा की मुस्कान ने मारी बाजी

■ लड़कियों की खंड स्तरीय विभिन्न स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताएं का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



अंडर-17 आयु वर्ग तथा अंडर-19 आयु वर्ग की लड़कियों की खंड स्तरीय विभिन्न स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताएं सोमवार से तोशाम के चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में प्रारंभ हुई। यह सभी प्रतियोगिताएं खंड शिक्षा अधिकारी विजय सांगवान की अध्यक्षता में आयोजित करवाई गई।

इस दौरान प्रतियोगिता के परिणामों की विस्तार से जानकारी देते हुए प्रतियोगिता इंचार्ज प्रवक्ता राजेश कुमार तथा जोनल सचिव डीपीई प्रितपाल ने बताया कि अंडर-17 आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में गांव संडवा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा मुस्कान ने प्रथम, बाबा मुंगीपा विद्यापीठ विद्यालय बुशान की छात्रा मुस्कान ने द्वितीय तथा एनजेएम विद्यालय की छात्रा तनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में 200 मीटर दौड़ में एनजेएम विद्यालय की छात्रा तनु ने ही प्रथम स्थान हासिल किया तो इसी विद्यालय की छात्रा एनि ने द्वितीय स्थान हासिल किया वहीं आदर्श विद्यालय मीरान की छात्रा नेहा ने तृतीय स्थान हासिल किया। 400 मीटर दौड़ में एसडी विद्यालय ईश्रवाल की छात्रा जानवी ने प्रथम डीएस विद्यालय थिलोड़ की छात्रा ज्योति ने द्वितीय तथा गांव संडवा के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की छात्रा मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में गांव खरकड़ी झांवरी के न्यू एरा विद्यालय की छात्रा प्राची ने प्रथम स्थान हासिल किया तो एनजेएम विद्यालय की छात्रा रितु ने द्वितीय स्थान हासिल किया, डीएस विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी ने तृतीय स्थान हासिल किया। 1500 मीटर दौड़ में गांव संडवा के राजकीय वमावि की छात्रा नजमा ने प्रथम स्थान हासिल किया तो गांव संडवा के ही राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की छात्रा साक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तो डीबीएम विद्यालय दूल्हेड़ी की छात्रा दीपिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। 3000 मीटर में आरोही मॉडल वमावि तोशाम की छात्रा चंचल ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## दादरी पुलिस ने शहर में चलाया सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



पुलिस ने सोमवार को शहर की बाल्मीकि बस्ती, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर में हिंसक वारदातों पर लगाम लगाना, संदिग्ध लोगों की पहचान करना तथा नशीले पदार्थों की बिक्री व सेवन पर रोक लगाना रहा।

जिला पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के मार्गदर्शन में दादरी सिटी पुलिस थाना प्रबंधक सन्नी, सुरक्षा शाखा से एएसआई राहुल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डॉग स्कवायड को साथ लेकर सर्च आपरेशन चलाया। इस दौरान टीम द्वारा सभी जगहों का गहनता से निरीक्षण किया। टीम ने झुग्गी-झोपड़ियों व संदिग्ध स्थानों पर पहुंच कर गहनता से जांच की। जिससे संदिग्ध लोगों की पहचान की जा सके और नशीले पदार्थ बेचने या तस्करी करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जा सके। अभियान के दौरान कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या पदार्थ नहीं मिला।

### लड़कियों की अंडर-17 व अंडर-19 आयु वर्ग की ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आज से शुरू होंगी

## मुक्केबाजी में 28-30 किलो. भार वर्ग में शिवम-अभिराव प्रथम

■ अनुशासन व खेल भावना के साथ प्रतियोगिता का हिस्सा बने प्रतिभागी : गौड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भीम स्टेडियम में आयोजित बालकों की दो दिवसीय खंड स्तरीय अंडर-11 व 14 आयु वर्ग की स्कूली खेल प्रतियोगिता का सोमवार को समापन। पीटीआई विनोद पिंकू ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बीईओ अनिल गौड़ पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अनुशासन व खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए मदन गोपाल प्रवक्ता नोडल अधिकारी की देखरेख में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के लिए खेल ओलंपिक और नोन ओलंपिक खेलों को शामिल किया गया। हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, आर्चरी, एथलेटिक्स, तैराकी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, जिमनास्टिक, हैंडबॉल, जूडो, शूटिंग, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, टेनिस, वॉलीबॉल, कुश्ती, बेसबॉल, कबड्डी, बेसबॉल, चैस, नेटबॉल, स्केटिंग योग, कैरम, रस्सा कसी आदि इवेंटस का आयोजन करवाया गया। खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में आयोजन समिति में रीमा परमार प्राचार्य राजकीय कन्या वमावि खरक कला, सीमा सरदाना, पवन शास्त्री स्टेट अवॉर्डी, रविंदर वैद प्राचार्य, अनिल अलवासिया, सत्यवान कोच, सह प्रभारी विनोद पिंकू रहे। वही निर्णायम मंडल की भूमिका सुखदेव डीपीई, राजेश्वर डीपीई, राजेश सिवाच, राजवंती प्रवक्ता, सुनील कोहड़, सुशील दहिया, श्रीपाल डीपीई, रामचंद्र पुनिया, प्रवीण भारद्वाज, मोतीलाल जांगड़ा, संजय सैनी, सरिता डीपीई, मंजीत पालवास, राजेश डीपीई धनाना, रविंद्र डीपीई तालू, जोगेंद्र पीटीआई मिताथल, पवन मिताथल, दयानंद डीपीई मानहेरू, गजानंद पीटीआई, सलेंदर पीटीआई, राजेश डीपीई कलिंगा, सुधीर मलिक, प्रदीप बॉक्सिंग, ललित चौहान टीआईटी, अनीता खेड़ा, लक्ष्मण गौड ने निभाई। विनोद पिंकू ने बताया कि लड़कियों की अंडर-17 व अंडर-19 आयु वर्ग की भिवानी की ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

**ये रहे परिणाम:** विनोद पिंकू ने बताया कि अंडर-14 आयु वर्ग की मुक्केबाजी प्रतियोगिता 28 से 30 किलोग्राम भार वर्ग में शिवम व अभिराव, 30 से 32 किलोग्राम में दीपांशु व देवेंद्र, 32 से 34 किलोग्राम में हरिवंश व देव, 34 से 36 में हुनर व मनप्रीत, 36 से 38 में गौरव व हर्ष, 38 से 40 में दीपांशु व धीरज, 40 से 42 में तपन व यश कौशिक क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। पिंकू ने बताया कि 44 से 46 किलोग्राम भार वर्ग में आशीष, 46 से 48 किलोग्राम में विराट तथा 48 से 50 किलोग्राम भार वर्ग में मोहित प्रथम रहे। विनोद पिंकू ने बताया कि अंडर 14 आयु वर्ग की लडक़ों की फुटबॉल प्रतियोगिता में हलवासिया विद्या विहार भिवानी प्रथम, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन भिवानी द्वितीय तथा राजकीय उच्च विद्यालय प्रेम नगर तृतीय रहा।

विशेष
रक्षाबंधन
9 अगस्त



# रक्षाबंधन
## कभी ना कमजोर हो रिश्तों की डोर

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व है रक्षाबंधन। इस दिन जब बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है, तो दोनों के रिश्ते और गहरे होते हैं। समय के बदलाव के साथ इस रिश्ते के ताने-बाने कमजोर हो रहे हैं। इसलिए जरूरी है, रक्षाबंधन के मूल्यों को सहेजा जाए ताकि भाई-बहन के रिश्तों की ऊष्मा कम ना हो।

आवरण कथा
यशोधरा भटनागर

रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक अनुभूति है। बहन की कोमल भावनाओं से बुनी-गूंथी रेशम की डोर भाई की कलाई पर बंध उसके मन को बांध लेती है। उस रिश्ते की गहराइयों में उतर जाती है, जिसमें न अपेक्षा होती है, न शर्त। एक निस्वार्थ भावना, रक्षा और पावन स्नेह राखी की कच्ची डोर को मजबूती से बांधे रखती है।

### एक भावनात्मक परंपरा

रक्षाबंधन स्मृतियों, स्नेह और संबंधों की एक ऐसी भावनात्मक परंपरा है, जो हर साल भाई-बहन के अटूट बंधन को नए अर्थ देती है। एक रेशमी धागा, जो पीढ़ियों से बहन की आशा और भाई की जिम्मेदारियों को जोड़ता आ रहा है। समय के साथ बहन ने भाई की जिम्मेदारी भी खुशी-खुशी अपने कंधों पर उठा लेने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। पहले राखी का त्योहार केवल मनाया ही नहीं जाता था, जिया जाता था। रक्षाबंधन का उत्साह लिए बड़ी बुआ, जिनके बालों में सफेदी और चेहरे पर अनुभवों का प्रकाश होता, वह पूरे हर्षोल्लास से भाई के घर आतीं, मायके का आंगन उनके आगमन से महक उठता।

### हंसी-ठिठोली और प्रेम से भरा त्योहार

एक समय ऐसा था जब, *'साल भरे में एक बार त्योहार जे पावन आवै, पहुंच जाऊं मायके जल्दी से मोरों जी हरसावै...'* गीत गाती बुआएं बैठे-बैठे सिवइयां तोड़ देतीं। अम्मा घर पर ही सुंदर-सुंदर कपड़े सिल लेतीं। मां, बुआओं और बेटियों की कलाई पर रंग-बिरंगी चूड़ियां खनखनातीं, हाथों की मेहंदी की सुवास त्योहार में कुछ अलग रंग भर देता। पाजेबों की रुनझुन मधुर संगीत गढ़ लेती। रेशम की लच्छियों से बनी राखियों में बहनें, भाई के लिए अपना सारा स्नेह उड़ेल देतीं। रक्षाबंधन की सुबह ही बड़े उत्साह से चावल, रोली, नारियल और मिठाइयों से थाल सजाया जाता। हंसी-ठिठोली और प्रेम से सराबोर हो त्योहार मन जाता। चाव से लड्डू खाता भाई, आरती उतारती बहन को नेग के लिए खूब सताता। फिर शुरू हो जाती प्यार भरी लड़ाई तो अम्मा शगुन रख यह प्यारा सा झगड़ा सुलझा देतीं।

### बहुत बदल गए हैं अहसास

एक समय था, रिश्ते खून के नहीं, भावना के होते थे। राखी भाई का वचन होती थी- *'तेरे दुःख से पहले मैं आऊंगा बहन।'* और बहन की नजरें कहती थीं- *'जब तू है तो मुझे किसी और की जरूरत नहीं।'* आज ऐसे एहसास ढूंढे नहीं मिलते। आधुनिक जीवन की आपा-धापी में रक्षाबंधन भी एक कैलेंडर इवेंट बन गया है। भाई-बहन के पास समय नहीं है, भावनाएं स्क्रीन पर सिमट गई हैं। राखी अब ई-कॉमर्स के डिब्बों में आती है। प्रेम उसमें बंधे नोट में नहीं, साथ बिताए समय में था, जो अब दुर्लभ होता जा रहा है। आज जब मोबाइल फोन पर प्रियंका ने राखी भेजी और मीटिंग में उलझे भाई बिट्टू ने दो पल का समय निकाल कर 'हैप्पी रक्षाबंधन' कहा तो वह मुस्कुरा तो दी, पर भीतर कहीं एक रिक्तता तैर गई। कॉल कटते ही उसका चेहरा बुझ गया। याद हो आए वो दिन, जब रक्षाबंधन का त्योहार कई दिन पहले ही अंदर बाहर उत्साह भर देता था। भाई के लिए थाली वह कितने प्यार से सजाती थी। मिठाई में बिट्टू की पसंद के रसगुल्ले जरूर होते और वह एक के एक करके गपागप कितने ही सटका जाता। नेग के नाम पर कहता, 'जिज्जी ढेर सारा प्यार दे तो रहा हूं' या कभी चॉकलेट का खाली रैपर रख देता। लड़-झगड़ कर वह भी मोटा नेग लेती थी। यह सब याद कर एक हंसी उसके चेहरे पर तिर आई। वह धीरे से बुदबुदाई, 'सदा ऐसे ही खुश रहो मेरे प्यारे भाई!'




### रिश्तों को सहेजने वाला पर्व

रक्षाबंधन केवल एक रस्म नहीं, यह रिश्तों को समय देकर, उन्हें सहेज कर, पीढ़ियों से जोड़ने का एक माध्यम है। आज जब जिंदगी की आपा-धापी में बहुत कुछ छूट रहा है, तो जरूरी है कि हम उन भावनात्मक डोरियों से फिर से बंधें। थोड़ी देर साथ बैठें, बात करें, यादें ताजा करें और अपनों को ये एहसास दिलाएं कि रक्षाबंधन का दिन हमारे जीवन के सबसे सुंदर दिनों में से एक है।

### राखी के धागों की पकड़ सहेजें

राखियां डिजिटल हो सकती हैं, मिठाइयां ऑनलाइन मिल सकती हैं, पर... बड़ी बुआ के हाथों की कांपती अंगुलियों से बंधी राखी, मुंहबोली बुआ की आंखों में छलकता प्यार, ये अनुभव किसी स्क्रीन पर नहीं, सिर्फ दिल में उतरते हैं। इस रक्षाबंधन, क्यों न हम राखी केवल भेजें नहीं, बल्कि इसे जिएं। क्यों न हम फिर से लौटें उन लम्हों की ओर, जो हमारी असली पूंजी हैं! क्योंकि रिश्तों की असली मिठास न रसगुल्लों में है, न उपहारों में, वो तो बस एक बात में छुपी है, जब भाई कहता है, 'बहन मैं हूं... तुम्हारे साथ... हमेशा-हमेशा।' फिर इस पर 'भाई तेरी खुशी में ही मेरी खुशियां हैं।' ऐसी बातों में और बहन की मुस्कान में भाई का गर्व छुपा होता है और भाई की आंखों में बहन का संसार। तो आइए इस रक्षाबंधन एक बार फिर से रिश्तों की गर्माहट को महसूस करें, उस डोर को फिर से सहेजें, जो शायद ढीली पड़ गई पर टूटी नहीं है।



## भाई-बहन के प्रगाढ़ प्रेम का पर्व रक्षाबंधन

रक्षाबंधन के अवसर पर अपने भाई की कलाई पर आप भी जरूर राखी बांधेंगी। अगर आप वास्तु नियमों के अनुसार इस परंपरा को निभाएं तो इससे बहुत शुभ फलों की प्राप्ति होगी और आप दोनों का आपसी प्रेम सदैव बना रहेगा।

पर्व-परंपरा
अनीता जैन

रक्षाबंधन का पर्व भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के स्नेह, आत्मीयता और आपसी विश्वास का प्रतीक है। इस विशेष दिन बहन अपने भाई के ललाट पर तिलक कर उसकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधती है। भाई आजीवन अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है। यह पर्व मात्र एक रस्म नहीं, बल्कि आत्मीयता, दायित्व और आपसी प्रेम का ऐसा बंधन है, जो उम्र भर साथ निभाता है। इस दिन का धार्मिक, पौराणिक और वास्तु शास्त्र से जुड़ा महत्व भी है, जिसे समझकर और विधिपूर्वक पालन कर इस पर्व को और अधिक फलदायी और शुभ बनाया जा सकता है। अच्छे मुहूर्त और भद्रारहित काल में भाई की कलाई पर राखी बांधने से भाई को कार्यसिद्धि और हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है।



### ऐसे बांधें राखी

वास्तु के अनुसार घर का मुख्य द्वार वह प्रमुख स्थान है, जहां से सकारात्मक ऊर्जा घर के भीतर प्रवेश करती है, जो आपकी और भाई की समृद्धि के लिए मददगार हो सकती है। रक्षाबंधन के दिन मुख्य द्वार पर ताजे फूलों और पत्तियों से बनी बंधनवार लगाएं और रंगोली से घर को सजाएं। पूजा के लिए एक थाली में स्वास्तिक बनाकर उसमें चंदन, रोली, अक्षत, राखी, मिठाई और कुछ ताजे फूलों के बीच में एक घी का दीया रखें। दीपक प्रज्वलित कर सर्वप्रथम अपने इष्टदेव को तिलक लगाकर राखी बांधें और आरती उतार कर मिठाई का भोग लगाएं। फिर भाई को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठाएं। इसके बाद उनके सिर पर रुमाल या कोई वस्त्र रखें। अब भाई के माथे पर रोली-चंदन और अक्षत का तिलक लगाकर उसके हाथ में नारियल दें। इसके बाद येन बद्धो बलि राजा, दानवेंद्रो महाबलः। तेन त्वाम प्रतिबद्धनामि रक्षे माचल माचलः। इस मंत्र को बोलते हुए भाई की दाहिनी कलाई पर राखी बांधें। भाई की आरती उतार कर मिठाई खिलाएं और उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना करें। इसी दिन देवताओं, ऋषियों और पितरों का तर्पण करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बढ़ती है। इस दिन आप नदियों, तीर्थों, जलाशयों आदि में स्नान और दान-पुण्य करके ईष्ट कार्य भी सिद्ध कर सकते हैं।



### राखी बांधने के नियम

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुरुषों और अविवाहित कन्याओं को दाएं हाथ में रक्षासूत्र बांधना चाहिए वहीं विवाहित स्त्रियों के लिए बाएं हाथ में राखी बांधने का विधान है। भाइयों को राखी बंधवाते समय उस हाथ की मुट्ठी को बंद रखकर दूसरा हाथ सिर पर रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र में काले रंग को औपचारिकता, बुराई, नीरसता और नकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है, इसलिए इस दिन बहन और भाई दोनों को काले रंग के परिधान पहनने से परहेज करना चाहिए।

### ऐसे शुरू हुई राखी बांधने की परंपरा

पौराणिक कथाओं के अनुसार जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार के रूप में राक्षस राज बलि से तीन पग में उनका सारा राज्य मांग लिया था और उन्हें पाताल लोक में निवास करने को कहा था, तब राजा बलि ने भगवान विष्णु को अपने मेहमान के रूप में पाताल लोक चलने को कहा। जिसे विष्णुजी मना नहीं कर सके। लेकिन जब लंबे समय तक श्री हरि अपने धाम नहीं लौटे तो लक्ष्मी जी को चिंता होने लगी। तब नारद मुनि ने उन्हें राजा बलि को अपना भाई बनाने की सलाह दी। अपने पति को वापस लाने के लिए माता लक्ष्मी गरीब स्त्री का रूप धारण कर राजा बलि के पास पहुंच गईं और उन्हें अपना भाई बनाकर राखी बांध दी। इसके बदले उन्होंने भगवान विष्णु को पाताल लोक से ले जाने का वचन मांग लिया। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा थी और माना जाता है कि तभी से रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाने लगा है।

---

बदलाव
मधु सिंह

पारंपरिक तौर पर भले ही रक्षाबंधन पर बहनें ही भाई को राखी बांधती हैं। लेकिन नए दौर में अब कई बहनें भी आपस में एक-दूसरे को राखी बांधने लगी हैं। यह नई परंपरा बहनों के बीच आपसी स्नेह और जुड़ाव को और मजबूत भी बना रही है।

## अब केवल भाइयों को ही नहीं बहनों को भी बांध रही हैं राखी

नवी मुंबई की रितिका, गीतिका बरसों तक रक्षाबंधन के दिन अपना कोई भाई न होने की कसक में गुजारती रही हैं। लेकिन पिछले दो सालों से उनकी यह कसक दूर हो गई है, क्योंकि अब दोनों बहनें रक्षाबंधन वाले दिन एक-दूसरे को राखी बांधकर एक दूसरे की रक्षक होने की पुष्टि करती हैं। बहनों द्वारा बहनों को ही राखी बांधने की यह परंपरा एक समावेशी और आत्मीय सामाजिक रिश्ते का संकेत है। पिछले दो तीन सालों से इस ट्रेंड की यह ताजगी भरी बयार सबको सुखद लग रही है, इसीलिए यह ट्रेंड बढ़ता जा रहा है।



**रक्षा की नई परिभाषा:** अभी तक भाई ही बहन को रक्षा करने का वचन देता रहा है। यही कारण है कि इस पारंपरिक त्योहार के आते ही हमारे दिलो-दिमाग में एक ट्रेडिशनल छवि कौंध जाती है, जिसमें थाल सजाए बहन, भाई की कलाई पर राखी बांध रही होती है। लेकिन इक्कीसवीं सदी की एक चौथाई अवधि बीत जाने के बाद भारत में बहुत कुछ बदल रहा है। यह युवा ताजगी से भरा देश कई संबंधों को पुनर्परिभाषित कर रहा है और ऐसा ही संबंध है, बहन से बहन का। आज बहनें भी अपनी दूसरी बहनों को खुशी-खुशी राखी बांध रही हैं, न कोई संकोच, न कोई सामाजिक संकीर्णता।

**भावनाओं का बढ़ा दायरा:** जब तक बहन की राखी सिर्फ भाई की कलाई में बंधती थी, तब तक ये खास रिश्ते की वायस थी। आज इस रिश्ते का दायरा बड़ा हो गया है, अब बहनें भी एक-दूसरे से कहती हैं, 'मैं भी तेरी रक्षक हूं, तूने हर मोड़ पर मेरा साथ दिया है, मेरे जीवन में तेरा होना किसी भाई से कम नहीं।' चाहे वो बड़ी बहन हो या छोटी बहन। आज बहनें एक-दूसरे का संबल ही नहीं बन रहीं बल्कि वे एक-दूसरे की ढाल भी बन रही हैं। इसलिए राखी के रिश्ते में यह परिवर्तन स्वाभाविक है।

**पारंपरिक संवेदना की नई ऊर्जा :** बहनों द्वारा बहनों को राखी बांधना एक ट्रेंड भर नहीं है, यह परंपरा की नई संवेदना है। यह उस पीढ़ी का इमोशनल इंटेलीजेंस है, जो सुरक्षा को केवल बाहुबल के चश्मे से नहीं देखती बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक सहारे के रूप में भी देखती है। एक बहन को दूसरी बहन राखी बांधकर यह जताती है कि मैं तेरे संघर्षों में साथ खड़ी हूं। इससे साबित होता है कि राखी अब केवल भौतिक रक्षा का ही प्रतीक नहीं है। यह सम्मान, भरोसे और बराबरी का भी संदेश देता है।

**रिश्ते बन रहे प्रगाढ़:** बहनों के एक-दूसरे को राखी बांधने की यह नई परंपरा, बहनों के आपसी रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही है। बहनें, एक-दूसरे के दुख में संबल बन खड़ी हो रही हैं। खुशियों में उल्लास और उमंग से शामिल हो रही हैं। वैसे भी बचपन की दहलीज पार करने के बाद बहनें जब किशोरावस्था और युवावस्था में कदम रखती हैं तो वे एक-दूसरे की सबसे विश्वस्त सखी-सहेली बन जाती हैं। अपनी वो बातें भी आपस में शेयर करने लगती हैं, जिसे मम्मी-पापा से नहीं कह पाती हैं। उन्हें यकीन होता है कि उनकी बहन हर स्थिति को समझकर सबसे उपयुक्त सलाह जरूर देगी। स्ट्रेस या चिंताओं से उन्हें उबार लेगी। यानी बहनों के रिश्ते को गहन बनाने में आपस में राखी बांधने की नई परंपरा, बड़ी भूमिका निभा रही है।



### नई पीढ़ी-नई पहचान

साल 2025 में बहनें रक्षा के लिए किसी की याचक नहीं हैं बल्कि वह संदेश दे रही हैं कि बहनें अब बहनों की रक्षा खुद कर लेंगी। इसलिए वे आज एक-दूसरे को राखी बांध रही हैं। यह एक नई परंपरा ही नहीं बल्कि सोच में स्थाई बदलाव की दस्तक है। वह दस्तक जो कहती है कि हम बहनें हैं, हम साथ हैं और एक-दूसरे की रक्षा करना हमारे रिश्ते की सुंदर परिभाषा है।

---

मेकअप
मानसी

## फेस्टिव लुक के लिए करें ग्लॉसी मेकअप

रक्षाबंधन के खास मौके पर पहनने के लिए आपने अपनी ड्रेस फाइनल कर ली है लेकिन अगर अभी आप डिसाइड नहीं कर पा रही हैं कि किस तरह का मेकअप करें, तो आपको बता दें कि कोई भी लुक तभी परफेक्ट लगता है, जब ड्रेस के साथ मेकअप मैच करता है। इस खास फेस्टिव ऑकेजन पर आप ग्लॉसी मेकअप कर सकती हैं। इसके प्रॉपर स्टेप्स के बारे में यहां बता रहे हैं।

**एक्सफोलिएशन-मॉयश्चराइजेशन:** मेकअप शुरू करने से पहले जरूरी है कि आप अपने चेहरे को अच्छी तरह धो लें और फिर स्किन को एक्सफोलिएट करें। इससे चेहरे पर डेड स्किन निकल जाएगी। साथ ही चेहरे पर मौजूद धब्बे भी हल्के पड़ जाएंगे। इससे स्किन सॉफ्ट भी हो जाएगी। इसके बाद आप चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे त्वचा पर नमी बनी रहेगी।

**प्राइमर और फाउंडेशन:** जब आप चेहरे को मॉइस्चराइज कर लें तो जरूरी है कि उसके बाद मेकअप को बेस देने के लिए प्राइमर का इस्तेमाल करे, जिससे आपका मेकअप ज्यादा लंबे समय तक टिका रहेगा। साथ ही चेहरे पर दाग धब्बे भी नजर नहीं आते हैं। जब आप चेहरे पर प्राइमर का इस्तेमाल कर लें तो उसके बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। बिना फांउडेशन के मेकअप को सही लुक नहीं मिल पाता है। इसलिए फाउंडेशन का इस्तेमाल चेहरे पर जरूर करें। ऑयली स्किन वाली महिलाएं ऑयल फ्री फाउंडेशन का ही यूज अपने चेहरे पर करें।



**आई मेकअप:** आपका कंप्लीट मेकअप तभी सुंदर नजर आता है, जब आपने आंखों का मेकअप परफेक्ट तरीके से किया हो। इसके लिए आप आई मेकअप को सही तरह से करें। ध्यान रखें कि ग्लॉसी मेकअप के लिए आंखों को थोड़ा सॉफ्ट और नेचुरल लुक देना जरूरी है। इसके लिए अपनी आंखों पर रोज गोल्ड या सिल्वर आईशैडो लगाएं। फिर आईशैडो को चमकदार बनाने के लिए अपनी आंखों पर थोड़ी मात्रा में आई-सेफ क्लियर लिप ग्लॉस या पेट्रोलियम जैली लगाएं। इसके बाद आप पलकों को कर्ल करके मस्कारा के दो कोट लगाएं।

**चीकबोंस नजर आए ग्लॉसी:** जब आंखों का मेकअप हो जाए तो ग्लॉसी लुक के लिए चीकबोंस, नाक और चेहरे के कुछ हिस्सों को उभारने के लिए उन पर ब्रोंजर का इस्तेमाल करें। फिर गालों पर पीच शेड का क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें। इसके बाद अपने चीकबोंस, नाक के ऊपरी हिस्से और माथे पर थोड़ा हाईलाइटर लगाएं। इसे ब्यूटी ब्लेंडर या फिर फ्लेयर ब्रश से स्मज करें।

**लिप ग्लॉस लगाएं:** चूंकि आप ग्लॉसी मेकअप कर रही हैं, इसलिए आपको होंठों पर लिप ग्लॉस का इस्तेमाल करना होगा। आप लिप ग्लॉस में कलर अपनी पसंद का चुन सकती हैं।

(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

---

आप अपने भाई के लिए प्यारी सी राखी तो चुनेंगी ही। इसके साथ ही, जिस थाली में रोली, अक्षत के साथ राखी रखेंगी, वो भी बहुत आकर्षक दिखे, इसके लिए ये तरीके अपना सकती हैं।

## आकर्षक दिखेगी रक्षाबंधन वाली थाली



परंपरा
निधि गोयल

हर बहन को इंतजार होता है राखी आएगी तो भाई के लिए वह सुंदर सी राखी तो लाएगी ही, साथ ही राखी, रोली, अक्षत, चंदन, आरती का दीपक और मिठाई आदि रखने के लिए थाली भी सुंदर सी सजाएगी। हम यहां पर विस्तार से बता रहे हैं इसे सजाने का तरीका।

**चुनरी का फैब्रिक:** आप सबसे पहले थाली का बेस बनाने के लिए चुनरी का फैब्रिक लें और उसे पूरी थाली पर चिपका दें। इससे आपकी थाली काफी अट्रैक्टिव नजर आएगी। लाल रंग की चुनरी का फैब्रिक सबसे आकर्षक लगता है। आप यदि चुनरी का फैब्रिक इस्तेमाल नहीं करना चाह रही हैं तो उसकी जगह चुनरी प्रिंट में पेपर लेकर भी थाली को सजा सकती हैं। इसे आपको पूरी थाली के तल पर बहुत अच्छी तरह से चिपकाना है, जिससे पूरी थाली इस फैब्रिक से ढंक जाए।

**गोटा:** जब आप चुनरी का फैब्रिक या पेपर थाली पर लगा लें तो इसके बाद आपको उसे आकर्षक दिखाने के लिए गोटे का इस्तेमाल करें। लेकिन बहुत ज्यादा मोटा गोटा उस पर नहीं लगाएं, क्योंकि इससे थाली का लुक अच्छा नहीं लगेगा। मीडियम साइज के गोटे से थाली को सजाएं। आप इसे अपनी इच्छानुसार शेप में लगा सकती हैं। थाली गोल होती है तो गोल शेप में लगाते हुए गोटे चिपका दें या फिर क्रिएटिविटी के साथ अलग डिजाइन में सजा सकती हैं।

**मिरर:** जब आप थाली को गोटे से सजा दें तो उसके बाद मिरर का इस्तेमाल करें। मिरर को आप थाली पर जगह-जगह चिपका सकती हैं। इससे थाली बेहद सुंदर नजर आएगी।

**लेस और लटकन:** आप चुनरी के फैब्रिक को लगाने के बाद उसके चारों तरफ थाल के किनारे-किनारे लेस को चिपका सकती हैं, जिससे थाली का लुक चेंज हो जाएगा। अगर आपको लटकन लगानी है तो इस लेस से अटैच करते हुए चारों कोनों पर लटकन को लगा सकती हैं।

अगर आपकी है
रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग चिकित्सा शिविर का हुआ आगाज

**बवानीखेड़ा।** जिला भिवानी में समग्र शिक्षा की और से आयोजित तीन दिवसीय दिव्यांग चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का प्रारंभ 4 अगस्त 2025 को खंड भिवानी के चौधरी बंसीलाल सिविल अस्पताल भिवानी में हुआ। इस ऐससमेन्ट कैम्प का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त एवं चेयरपर्सन समग्र शिक्षा भिवानी डॉक्टर मुनीष नागपाल के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ।

### बिजली के प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर उठाए सवाल

**तोशाम।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने पूरे प्रदेश में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की योजना के ख़िलाफ निगाना कला पंचायत घर में बैठक आयोजित कर ज़ोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार की जनविरोधी तथा कारपोरेट समर्थक निजीकरण की नीतियों के विरोध में नारे लगाए।

### एनएसएस शिविर के साथ पौधरोपण का हुआ आगाज

**बहल।** जीडीसी मेमोरियल महाविद्यालय बहल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सोमवार को एक दिवसीय एनएसएस शिविर एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम, हरियाली का सच्चा सम्मान स्लोगन के तहत आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने बढचढ कर भाग लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार में बताया कि हरियाली और पर्यावरण संरक्षण हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल में मनाया तीज महोत्सव

**भिवानी।** लिटल हार्टस पब्लिक स्कूल भिवानी के प्रांगण में संस्था के चेयरमैन त्रिलोक चन्द गोयल व प्रमुख समाज सेवी रमेश हेतमपुरिया की अध्यक्षता में भव्य तीज तरंग महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों की माताओं की विभिन्न प्रतियोगिताओं व गेम्स का आयोजन किया गया, जिनमें त्यौहारो को प्रकाशित करने वाले विषय प्रमुख थे।

### 551 पौधे लगाकर मनाया जन्मदिन

**भिवानी।** आयुर्वेद शिरोमणि व योग ऋषि स्वामी रामदेव के सहयोगी आचार्य बालकृष्ण के 53वें जन्मदिवस को हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़े हर्षोल्लास के साथ जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान सर्वप्रथम ब्लिसफुल वल्ड देवसर में पतंजलि परिवार व नागरिकों द्वारा हवन यज्ञ कर आचार्य की लंबी आयु की कामना की गई तत्पश्चात भिवानी में अलग-अलग स्थानों पर औषधीय व छायादार, फलदार पौधों का वितरण व पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ने कार्य किया।

### रामचरित मानस पाठ प्रतियोगिता आयोजित

**भिवानी।** भारत माता सेवा मंडल की तरफ से श्री रामचरित मानस प्रतियोगिता एमसी कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क में आयोजित की गई। कार्यक्रम के संयोजक मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता पदम सिंह चौहान ने आयोजन की विस्तार से जानकारी प्रदान की।

### पेड़-पौधे वातावरण को शुद्ध कर पृथ्वी को संतुलित रखते: महंत वेदनाथ

# सावन के अंतिम सोमवार को जोगीवाला शिव मंदिर में भक्तों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

श्रावण माह के अंतिम सोमवार को जोगीवाला शिव मंदिर धाम एवं बाबा मेहूनाथ धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में शिव वाटिका परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं और सेवकों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं औषधीय पौधे रोपे और भविष्य में उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम की अगुवाई जोगीवाला मंदिर धाम के महंत वेदनाथ महाराज ने की। उन्होंने कहा कि श्रावण माह का धार्मिक, आध्यात्मिक व प्राकृतिक दृष्टि से विशेष महत्व है, ये महीना भगवान शिव की आराधना के साथ-साथ प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का भी समय है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं। पेड़-पौधे न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि वातावरण को शुद्ध कर पृथ्वी को संतुलन में भी रखते हैं। महंत वेदनाथ ने श्रद्धालुओं से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए।


भिवानी। जोगीवाला शिव मंदिर में पौधरोपण करते महंत वेदनाथ महाराज।

### जीवन में पेड़-पौधों का विशेष महत्व

उन्होंने कहा, हम जितने अधिक पौधे लगाएंगे, उतनी ही हमारी धरती हरी-भरी और सुंदर होगी। पर्यावरण की रक्षा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं और सेवकों में उत्साह देखने को मिला। जोगीवाला शिव मंदिर धाम की यह पहल न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम भी है।

### दुबई में गूंजी भारतीय संस्कृति की यशगाथा

**भिवानी।** दुबई की चकाचौंध के बीच इस साल सावन का महीना भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक सुगंध से महक उठा। भिवानी के अधिवक्ता मुकेश गुलिया के नेतृत्व में उनके साथियों ने दुबई में न केवल भारतीय संस्कृति का गौरव बढ़ाया, बल्कि अपनी गहरी आस्था का भी प्रदर्शन किया। बता दें कि अधिवक्ता मुकेश गुलिया के नेतृत्व में उनके साथियों का एक दल एक से 6 अगस्त तक दुबई की यात्रा पर है।


भिवानी। शिवलिंग पर जलाभिषेक करते पुजारी। फोटो: हरिभूमि

### सावन के चौथे सोमवार को दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में की पूजा-अर्चना

**भिवानी।** मिनी बाईपास स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में सावन के चौथे सोमवार को भक्तिभाव व श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने उपवास रखा और पारंपरिक रीति से भगवान शिव की पूजा कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मंदिर प्रबंधक उर्मिला सैनी ने बताया कि सावन के सोमवार शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व रखते हैं। महिलाओं ने पूरे संयम एवं श्रद्धा के साथ व्रत रखकर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। यह नारी शक्ति की भक्ति और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि शिवलिंग पूजा हिंदू धर्म में भगवान शिव की आराधना का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और आध्यात्मिक माध्यम है। मंदिर के पुजारी शुभम ने कहा कि भगवान शिव का पंचामृत और गंगाजल से अभिषेक किया। बेलपत्र, धतूरा, भांग व अक्षत अर्पित किए। रुद्राष्टाध्यायी, महामृत्युंजय मंत्र और शिव चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ।


भिवानी। त्रिवेणी रोपित करते श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज। फोटो: हरिभूमि

## सावन के अंतिम सोमवार पर लगाई 11 त्रिवेणियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- भक्तों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरण की दिशा में शिवशक्ति जनकल्याण सेवा ट्रस्ट एवं सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम के पीठाधीश्वर श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरि महाराज ने सराहनीय पहल करते हुए श्रावण मास के अंतिम सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे 11 त्रिवेणियां रोपित की। इस अवसर पर बड़, पीपल और नीम के 33 पौधें रोपे, जिन्हें त्रिवेणी के रूप में समर्पित किया। इससे पहले भी महंत डॉ. अशोक गिरि द्वारा 151 त्रिवेणियां लगाई जा चुकी हैं। हालुवास चौक से देवसर मोड़ तक हाईवे बाईपास क्षेत्र में सेवकों के सहयोग से खुद गड्ढे खोदकर पौधरोपण किया। उन्होंने "एक पेड़ मां के नाम" का संदेश देते हुए सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। श्रीमहंत ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा बाबा शंकरगिरी महाराज की स्मृति में 1008 त्रिवेणियां लगाने का संकल्प लिया, जिनकी देखरेख 1008 परिवारों द्वारा की जाएगी। महंत डॉ. अशोकगिरि ने बड़, पीपल और नीम के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि ये वृक्ष न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं और ऋषि-मुनियों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह पौधारोपण धार्मिक आस्था और पर्यावरण सुरक्षा दोनों को समर्पित है। भविष्य में जब ये पौधे वृक्ष बनेंगे, तो हाईवे क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या में भी कमी आएगी। राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने श्रीमहंत डॉक्टर अशोक गिरी महाराज की अंगूठी पहल की सराहना की। सोमवार वन महोत्सव कार्यक्रम में आचार्य पंडित बसंत शास्त्री, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, पंडित आनंद पांडे, कमल शर्मा, दीपू सेन, मांडी जांगड़ा आदि रहे।

# तिरंगा यात्रा की तैयारियां हुईं तेज

- हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को निर्देश
- 10 से 13 अगस्त तक भिवानी में मंडल स्तर पर निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा
- घर-घर जाकर लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति का माहौल बनाने और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा ने भिवानी में अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने 10, 11, 12 और 13 अगस्त को मंडल स्तर पर निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए हैं। जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा ना केवल देश के प्रति सम्मान और प्रेम को दर्शाएगी, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का भी एक महत्वपूर्ण जरिया बनेगी।


भिवानी। हर घर तिरंगा को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए।

# भिवानी में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

- प्रदेश सरकार दे रही धर्म एवं संस्कृति को बढ़ावा: विधायक अत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

खाकी बाबा मंदिर गली स्थित श्रीलाल महादेव अखाड़े वाले मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा अमृत महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस पावन आयोजन का श्रीगणेश उचाना से विधायक देवेंद्र अत्री ने मुख्यतिथि के रूप में किया। कथा महोत्सव 4 अगस्त से 10 अगस्त तक प्रतिदिन प्रवाहित किया जाएगा। कार्यक्रम में कथाव्यास स्वामी गोवर्धन आचार्य महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य पर गूढ़ ज्ञान की वर्षा करते हुए प्रथम दिवस पर गौकर्ण और नारद संवाद की भक्ति कथा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनना और जीवन में आत्मसात करना मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता हैं, ये कथा न केवल आत्मिक शांति देती है, बल्कि जीवन को दिशा भी देती है। मुख्यतिथि विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आने वाली पीढ़ियों को हमारे ग्रंथों और संस्कृति की सही जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संजोने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराएं सुरक्षित और सशक्त बनी रहें।


भिवानी। विधायक देवेंद्र अत्री को सम्मानित करते कथावाचक गोवर्धन आचार्य।

### माहौल हुआ भक्तिमय

इस अवसर पर सेठ मूलचंद झील प्रबंध समिति के पदाधिकारीगण, स्थानीय श्रद्धालुजन और अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति से वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा पंडाल को सुंदर फूलों और रंगीन लाइटिंग से सजाया गया है।कथा आयोजकों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह हवन-पूजन और संध्या को कथा अमृत वर्षा होगी।



### विधायक के घर के आस-पास कॉलोनी में जमा हुआ पानी

बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा शहर में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है और लोगों में भय व्याप्त हो गया है। जिसको लेकर शहरवासी कभी चेयरमैन तो कभी विधायक के पास समस्या लेकर जा रहे हैं। हालांकि विधायक स्वयं चप्पे-चप्पे पर नजर लगाए हुए हैं। हालांकि विधायक के वार्ड में भी पानी जमा हो गया। वार्डवासियों ने बताया कि कुछ अत्याधिक बारिश व कुछ खेतों से आए पानी ने पुर मार्ग, विधायक के आशियाना के समीप, प्राथमिक पाठशाला, खेल स्टेडियम, हांसी चुंगी सहित अनेक झुकाव के स्थानों पर पानी जमा हो गया है और ये पानी शहर में घुसता जा रहा है। लोगों का कहना है कि इसका प्रबंध नहीं किया गया तो उनके आशियानों को भी खतरा हो सकता है। पानी की इस समस्या को देखते हुए विधायक कपूर वाल्मीकि ने स्वयं अपनी टीम सहित मौका का निरीक्षण किया और मौके पर पहुंचकर अधिकारियों को आदेश दिए कि तुरंत पानी की निकासी की जाए। वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भी इस पर नियंत्रण करने के लिए कहा।

# आबर्जेवेशन प्रशिक्षण का हुआ आगाज

- दो दिन आनलाइन व तीन दिन आफलाइन होना है प्रशिक्षण
- एमटी के प्रशिक्षण से एबीआरसी, बीआरपी में दिखा उत्साह

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा

गुरूग्राम स्थित एससीईआरटी के आदेशानुसार पांच दिवसीय इफेक्टिव क्लासरूम आबर्जेवेशन प्रशिक्षण का आगाज हुआ। जिसकी शुरुआत जिला स्तर डाइट से करवाई गई। प्रशिक्षण डाइट बिरही कला से वरिष्ठ प्रवक्ता नवरत्न एवं भिवानी डाइट से प्रवक्ता मोनिका की निगरानी में हुआ। जिसमें एमटी ने अपनी अहम भूमिका अदा की। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में पहले दो दिन सोमवार, मंगलवार ऑनलाइन निर्धारित किया गया है।

### पहले दिन एमटी ने आनलाइन प्रशिक्षण में भरा जोश

पहले दिन प्रशिक्षण में प्रवीनण रिचा, पूजा, हेमलता, सुभाष सहित अन्य एमटी के द्वारा एबीआरसी, बीआरपी में जोश भरने का कार्य किया। प्रशिक्षण में शिक्षक का क्लास में बच्चों के साथ व्यवहार, बच्चों की मानसिकता, बच्चों एवं शिक्षकों की पढ़ाई के प्रति मानसिकता, प्रश्नों के प्रति प्रतिक्रिया, सीखने की प्रवृति, सीखने का प्रयास, एक्टीवीटी में भागीदारी, लर्निंग आउटकम में टूल विवरण, सीखने का अनूकुल वातावरण, शिक्षक का बच्चों के प्रति कक्षा में व्यवहार, भेदभाव, रूढ़विाद आदि पर चर्चा की।

### लिंग-जेंडर, दिव्यांगता पर हुई चर्चा

पहले दिन ऑनलाइन प्रशिक्षण में एमटी के द्वारा बताया कि किस प्रकार से एबीआरसी, बीआरपी को कक्षाकक्ष में जाकर मुआयना करना है कि शिक्षक बच्चों को लडकों को लड़कियों से अलग बिठाते हैं या इक्टठा बिठाकर उनसे भेदभाव करते हैं, वहीं दिव्यांग बच्चों के साथ उनका कैसा व्यवहार है। क्या शिक्षक दिव्यांग बच्चों को अन्य बच्चों से अलग बिठाता है इन सब पर फोकस करने के लिए प्रेरित किया।

### मील का पत्थर साबित होगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण डाइट बिरही कला से वरिष्ठ प्रवक्ता नवरत्न एवं भिवानी डाइट से प्रवक्ता मोनिका ने प्रशिक्षण बारे बताया कि इस प्रशिक्षण से एबीआरसी और बीआरपी को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा और ये प्रशिक्षण मील का पत्थर साबित होगा जिससे कर्मचारी विद्यालय में जाकर निरीक्षण कर सकेंगे और शिक्षा स्तर को ऊंचा उठाने में कामयाब होगे।

## मजबूत विपक्ष होने के बाद भी नेता प्रतिपक्ष तक नहीं बना पाई कांग्रेस: सांगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि हरियाणा बनने के बाद पहली बार 15वीं विधानसभा में मजबूत विपक्ष बना है। बावजूद इसके एक साल होने के बाद भी कांग्रेस पार्टी नेता प्रतिपक्ष का नेता नहीं बना पाई है। 15वीं विधानसभा में पहली बार ऐसा होगा जब बिना नेता प्रतिपक्ष के विधानसभा सत्र तीसरी बार चलेगा। पार्टी संगठन नहीं बनने के सवाल पर विधायक ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा व उसके सांसद बेटा दीपेंद्र हुड्डा ही इस बारे सही जवाब देंगे। विधायक सुनील सांगवान ने कस्बा बौंद कलां के रेस्ट हाउस में समाधान शिविर लगाते हुए जन समस्याएं सुनी। साथ ही मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निदान बारे निर्देश दिए। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर सहित कई पदाधिकारी भी साथ थे। विधायक सुनील सांगवान ने इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि हरियाणा कांग्रेस का ना संगठन और ना ही नेता प्रतिपक्ष बना है, ऐसे में उनकी नाकामी का खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ रहा है। भाजपा सरकार में काम नहीं करवाने के सवाल पर कहा कि काम नहीं होते तो हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार कैसे बनती।


चरखी दादरी। समाधान शिविर में समस्या सुनते विधायक सुनील सांगवान।

### सफाई कर्मचारियों को कूड़ा उठाने वाली दो साइकिल रिक्शा रहेड़ी की भेंट

# गांव को साफ व स्वच्छ बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शिक्षा, संस्कार, स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा को समर्पित ग्राम विकास एवं शिक्षा समिति प्रेमनगर के संयोजन में गांव प्रेमनगर को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए ग्रामीणों की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ग्राम विकास एवं शिक्षा समिति के प्रधान एवं सीआईडी के पूर्व इंस्पेक्टर आजाद सिंह ढ़ांडा ने की। बैठक में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समिति के प्रधान आजाद सिंह ढ़ांडा ने कहा कि ईश्वर के बाद सफाई दूसरे दर्जे पर है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता अभियान में भाग लेने का आह्वन किया। बैठक उपरांत एक सादे व सार्थक समारोह में गांव की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गांव के सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया और समिति के प्रधान आजाद सिंह ढ़ांडा और सरपंच राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से सफाई कर्मचारियों की सुविधा के लिए ग्राम विकास एवं शिक्षा समिति की तरफ से 34 हजार रूपये की लागत की कूड़ा-कर्कट उठाने वाली दो नई साईकिल रिक्शा रेहड़ी भेंट की। कार्यक्रम में समिति के महासचिव एवं पूर्व प्राचार्य रमेश बूरा ने ग्रामवासियों को स्वच्छता, शिक्षा में गुणात्मक सुधार और सामाजिक कार्यो में बढ़-चढक़र भाग लेने की शपथ दिलाई।


भिवानी। गांव प्रेमनगर में स्वच्छता व पर्यावरण सुरक्षा की शपथ लेते ग्रामीण।

### स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान ये रहे मौजूद

गांव के सरपंच राजेश कुमार ने सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करने और दो नई साईकिल रिक्शा रेहड़ी भेंट करने के लिए ग्राम विकास एवं शिक्षा समिति का आभार जताया। इस अवसर पर राज पंच, बलवान पंच, पूर्व सरपंच अधिवक्ता संदीप मल्हान, पूर्व पंच लीलाराम, छात्र नेता प्रवीण बूरा, सतबीर फौगाट हैडमास्टर, योगेश गोठवाल, रमेश दुहन कोच, मंजीत कोच, रोशन, प्रदीप, बीर सिंह, राममेहर, कर्ण सिंह, राजकुमार मास्टर, संदीप रेलवे, वेदपाल, रविंद्र, जयबीर, जगपाल प्रधान, जोगेंद्र बूरा, गौरव सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## मलेरिया व डेंगू से बचाने के लिए शहर शुरू की फॉगिंग

- प्रत्येक वार्ड के हिसाब से फॉगिंग का बनाया शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

मानसून के मद्देनजर नगर परिषद ने आमजन को मलेरिया व डेंगू से बचाने के लिए शहर में फॉगिंग शुरू कर दी है। नगर परिषद ने फॉगिंग के लिए प्रत्येक वार्ड का शेड्यूल तैयार किया है। ताकि शहर में मलेरिया या मच्छर जनित बीमारी फैलने से रोका जा सके। उल्लेखनीय है कि बारिश के दौरान मच्छरों का होना स्वाभाविक है। नागरिकों ने डीसी गुप्ता से शहर में फोगिंग करवाने की मांग की। इसको गंभीरता से लेते हुए डीसी गुप्ता ने नगर परिषद को सभी वार्डों में फॉगिंग करने के निर्देश दिए। डीएमसी गुलजार मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में फॉगिंग शुरू कर दी गई है।


भिवानी। मच्छरों को मारने के लिए फोगिंग करता एक कर्मचारी।

**सूचना**

मैं, प्रवीन पुत्र श्री चंद्रभान निवासी गांव ढाणा लाडनपुर, तहसील व जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सचिन व उसकी पत्नी अंशु मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, नरेश उर्फ नैशी पुत्र श्री विनोद निवासी लोहारू वार्ड नं. 5, तहसील लोहारू, जिला भिवानी (हरियाणा) हाल आबाद गांव बालसमंद जिला हिसार (हरियाणा) बयान करता हूं कि मैं अपने भाई विकास उर्फ पोपट से तमाम सम्बंध समाप्त करता हूं। भविष्य में इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### नपा चेयरमैन ने सचिव संग बनाई रणनीति

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा शहर में बरसाती व नहरी पानी पहुंचने से जहां शहरवासियों में रोष फैला हुआ है इसी रोष को भांपते हुए नपा चेयरमैन सुंदर अत्री, सचिव संदीप गर्ग द्वारा हांसी चुंगी, पुर रोड, खेल मैदान, हुडा कॉलोनी आदि स्थानों का निरीक्षण किया। नपा प्रधान ने बताया कि एक तरफ जहां मुसलाधार बारिश हुई वहीं सुंदर नहर भी पानी से लबालब चल रही है और किसानों के खेतों में जाने वाला पानी खेतों से गुजरता हुआ शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंच गया है जिससे तालाब का रूप ले लिया है। इसकी निकासी के लिए नपा चेयरमैन सुंदर अत्री, सचिव संदीप गर्ग ने शहर के विभिन्न मार्गों का निरीक्षण किया व पंप लगाकर पानी निकासी की योजना को अमलीजामा पहनाया।

### चयनित रोगियों का होगा गुरुग्राम में मुफ्त आप्रेशन

**बाढड़ा।** जेवली में सात अगस्त को निः शुल्क नेत्र जांच शिविर व मुफ्त आप्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इनमें ग्रामीण क्षेत्र के नेत्र रोगियों की जांच करवा कर उनको निःशुल्क दवा व आवश्यकता होने पर गुरुग्राम के प्रसिद्ध अस्पताल में आधुनिक तरीके से आप्रेशन किया जाएगा। यह जानकारी समाजसेवी व हरियाणा स्टोन क्रेशर एसोसिएशन प्रधान सोमबीर सिंह घसौला ने दी।

### विधायक के भाई ने सुनी वार्डवासियों की समस्याएं

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में जगह-जगह पानी के जमा होने के कारण विधायक कपूर वाल्मीकि के छोटे भाई राकेश वाल्मीकि ने वार्डों में जाकर वार्ड पार्षदों व वार्डवासियों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। लोगों ने बताया कि बारिश के पानी व खेतों से आए पानी ने उनका जीना दुभर कर दिया है उनकी रातों की नींद व रातों का चैन समाप्त हो गया है। उनके पशुओं के बाड़ों में पानी घुस गया है। राकेश वाल्मीकि ने बताया कि अलग अलग स्थानों पर पंप लगाकर पानी की निकासी की जा रही है।

### जस्वी ने पांचवें जन्मदिन पर पौधरोपण किया

**भिवानी।** ज्योति व संदीप की पुत्री जस्वी ने अपने पांचवे जन्मदिन पर विद्यालय प्रांगण में पांच फलदार व छायादार पौधे लगाए। इस छोटे से आयोजन का उद्देश्य न सिर्फ जन्मदिन को विशेष बनाना था, बल्कि पेड़-पौधों के महत्व को लेकर सभी को जागरूक करना भी था। एक पेड़ एक जीवन का नारा कितनी बड़ी सच्चाई समेटे हुए है। इसके बाद जस्वी ने मिट्टी में पौधा बोकर, माता-पिता के साथ मिलकर पानी डाला। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि जब बच्चे ही पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होंगे, तो आने वाली पीढ़ियां हरा-भरा भविष्य पाएंगी। जस्वी के माता-पिता ने भी सभी आमंत्रितों का धन्यवाद किया और क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे शुभ अवसरों पर पौधरोपण करें।

### एनसीसी के दाखिले लिए दौड़े 115 छात्र : पूनियां

**ढिगावा मंडी।** 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढिगावा जाटान की इकाईयों के लिए भर्ती का आयोजन कमान अधिकारी कर्नल संदीप सिंह के नेतृत्व में किया गया। इसमें राजकीय विद्यालय के 22 स्थानों के लिए 41 छात्रों ने भाग लिया और आर्य विद्यालय की 25 स्थानों के लिए 74 छात्रों ने भाग लिया ।

### भक्तों का जत्था सालासर धाम के लिए रवाना

**बाढड़ा।** कस्बे के बालाजी मंदिर से पैदल यात्रियों का जत्था सालासर बालाजी हनुमान मंदिर के लिए रवाना हुआ। इसमें कस्बे के 21 भक्तों की टोली गगनभेदी उद्घोष के साथ रवाना हुई। भक्तों की पैदल यात्रा पूर्व चेयरमैन विकास के नेतृत्व में रवाना हुई।

## गेहूं का स्टॉक न पहुंचने से दलिये का टोटा

# 'न दूध और न ही मिल रही पीन्नी'

### पूरे सप्ताह चावलों से कर रहे पेट की अग्नि शांत

**हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी**

नए सत्र को शुरू हुए चार माह बीत गए,लेकिन स्कूलों में दोपहर के समय दिए जाने वाले भोजन तैयार करने के लिए गेहूं व दिन में बच्चों को पिलाने के लिए दूध पाउडर नहीं पहुंचा है। मिल्क पाऊडर का स्टॉक न पहुंचने से पिछले चार माह से दोपहर के भोजन से पहले दिए जाने वाला दूध नहीं दिया जा रहा है। कई स्कूलों में भोजन में प्रयोग किए जाने वाला दूध अपनी जेब से खरीदा जा रहा है। कई स्कूल ऐसे है। जिनमें बिना दूध के ही चावल व दलिया खिलाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि कई स्कूलों में गेहूं का स्टॉक भी नहीं है। जिस वजह से अनेक स्कूलों में दलिया भी नहीं बन पा रहा है। उन स्कूलों में सप्ताह के पूरे सातों दिनों तक मीनू के हिसाब की बजाए चावल खिलाकर पेट भरा जा रहा है। ऐसे में किस तरह से बच्चों का स्वास्थ्य सुधर पाएगा व उनके पेट की आग शांत हो पाएगी।



**भिवानी।** दोपहर के वक्त भोजन के बाद बच्चों में पीन्नी वितरित करते हुए।

### अप्रैल के बाद न तो गेहूं पहुंचा, न दूध का पाऊडर

सूत्र बताते है कि नया शैक्षणिक सत्र अप्रैल से शुरू हुआ। अप्रैल शुरू होते की स्कूल मुखियाओं ने शिक्षा विभाग से गेहूं, दूध पाऊडर व अन्य सामान की डिमांड भेजी थी। हैरानी की बात यह है कि चार माह का अरसा बीत गया,लेकिन अभी तक किसी भी स्कूल में दूध का पाऊडर नहीं भेजा गया है। कायदे से अप्रैल माह के शुरू में सभी स्कूलों में दूध पाऊडर भेजा जाना चाहिए था। चूंकि दोपहर के समय दिए जाने वाले भोजन से पहले स्कूलों में बच्चों को करीब दस बजे के आसपास प्रत्येक बच्चे को पाऊडर से दूध तैयार करके दिया जाता था। ताकि खाना तैयार होने तक बच्चों आराम से पढाई कर सके। पर दूध पाऊडर का स्टॉक न आने से बच्चों को दूध देना बंद है। अब केवल स्कूल मुखिया केवल खीर बनाने के लिए अपने स्तर पर दूध खरीद कर तैयार करवा रहे है,लेकिन दूध पिलाने का कार्य पूरी तरह से बंद है। यही स्थिति गेहूं की बनी हुई। स्कूलों में पिछले कई दिनों से गेहूं का स्टॉक पूरी तरह से खतम है। कई स्कूलों में तो दलिया बनाया जाना भी बंद कर दिया गया है। अब पूरे सप्ताह उसकी जगह चावल ही बनवाए जा रहे है। जिससे बच्चों का पेट भरा जा रहा है।

#### पीन्नी का स्टॉक नहीं पहुंचा

केवल दूध पाऊडर ही नहीं,स्कूलों में बच्चों को खिलाई जाने वाली पीन्नी का भी स्टॉक नहीं पहुंचा है। पीन्नी गूंद की बर्फी होती है। स्कूलों में दोपहर का भोजन कराए जाने के बाद प्रत्येक बच्चे को उक्त बर्फी का एक एक पीस दिया जाता था। ताकि भोजन के बाद बच्चों को मीठा खिलाकर उनका लीवर को तंदरूस्त किया जाता था। पर पीन्नी दिए जाने की बात बीते दिनों की हो चुकी है। इस बारे में स्कूल मुखियाओं ने कई बार शिक्षा विभाग के मुखियाओं से शिकायत की, लेकिन अभी तक मिड डे मील के तहत उनको राशन का स्टॉक नहीं मिल पाया है।

#### बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ सहन नहीं

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र चाहर ने बताया कि बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ सहन नहीं। विभाग को मिड डे मील के तहत दिए जाने वाले भोजन का सम्पूर्ण राशन भिजवाया जाए। ताकि दोपहर के समय बच्चों को सही व मीनू के हिसाब से भोजन दिया जा सके। इस मामले में ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

# कमरे वर्ग के मसीहा थे छोटू राम

- तोशाम में छोटू राम चौक पर स्मारक का अनावरण किया जाएगा : कमल प्रधान

**हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी**



**भिवानी।** छोटूराम स्मारक की तैयारियों को लेकर चर्चा करते कमल प्रधान।

दीनबंधु चौधरी छोटू राम मजदूर किसान, छोटे व्यापारी और कमरे वर्ग के मसीहा थे वे हमेशा उनके हितों की लड़ाई लड़ते रहे यह बात सर छोटू राम चौक के निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण करने के बाद वहां उपस्थित दीनबंधु छोटू राम विचार मंच के सदस्यों को संबोधित करते हुए युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा की सितंबर माह में चौक का कार्य संपूर्ण होने पर छोटू राम स्मारक का अनावरण किया जाएगा जिसमें सभी पार्टियों के नेताओं और तोशाम हल्के के समस्त ग्रामीणों को बुलाया जाएगा मुख्य रूप से भिवानी - महेंद्रगढ़ से सांसद धर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, मंत्री श्रुति चौधरी, पुर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह ,पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, इनेलो प्रमुख चौधरी अभय सिंह चौटाला,जेजेपी प्रमुख अजय सिंह चौटाला, विभिन्न पार्टी के नेताओं,जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंचो, किसान संगठनो व सभी सामाजिक संगठनो को आमंत्रित किया जाएगा

उन्होंने कहा कि सर छोटूराम एकमात्र ऐसे नेता थे जिन्होंने संयुक्त पंजाब में मंत्री रहते किसानों मजदूरों व कमेरा वर्ग के हितों के लिए अनेकों कानून पास करवाए।

## इनसो के स्थापना दिवस पर गांव बेरला में होगा देशभक्ति कार्यक्रम

- पौधरोपण कर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा
- लोकगायक राजेंद्र खरकिया सुनाएंगी रागनियां

**हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी**

गांव बेरला में पांच अगस्त को इनसो के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शहीदों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पौधारोपण शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। देशभक्ति गीतों के माध्यम से युवाओं में नई अलख जगाई जाएगी। जानकारी देते हुए पार्टी के जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास एवं हलका अध्यक्ष विजय श्योराण काकड़ोली ने बताया कि यह आयोजन श्योराण खाप 25 के प्रमुख गांव बेरला में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों की स्मृति को नमन करना और उनके परिजनों तथा स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना है, ताकि समाज में देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और त्याग की भावना को और अधिक मजबूती दी जा सके। कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोकगायक राजेंद्र खरकिया और गायक सुभाष फौजी देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। गीतों के माध्यम से शहीदों की गाथा को जीवंत किया जाएगा।

### रुपये छिनने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने धान लगाने का काम करने वाले व्यक्तियों से रुपए छिनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्रवण निवासी जिला पूर्णिया बिहार में थाना बवानी खेड़ा पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि शिकायतकर्ता व उसके साथी खेत में धान लगाने का काम करते हैं और गांव सुई में धान लगाने के लिए आए हुए थे 29 जुलाई को शिकायतकर्ता व उसका साथी सुई से जाटू लोहारी रोड पर बैठे हुए थे तभी बाइक पर दो व्यक्ति आए और उनसे रुपए छीन कर ले गए।

# मांगों को लेकर धरना जारी

- बीमा क्लेम गोलमाल को लेकर किसान संगठन दे रहे हैं धरना

**हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा**

खरीफ सीजन की फसल बीमा क्लेम गोलमाल को लेकर बाढड़ा में चल रहा किसान संगठनों का धरना सोमवार को 20 वें दिन जारी रहा, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। धरने में बैठे किसानों का कहना है कि उनकी मांगें पूरी तरह से जायज हैं और सरकार को जल्द से जल्द इसका समाधान करना चाहिए।

अनाज मंडी परिसर में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आयोजित धरनारत किसानों को संबोधित करते हुए मानव सहायता फाउंडेशन के संयोजक महादेव बलाली ने कहा हम किसान हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। सरकार को किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए। अगर किसानों की मांगें समय रहते नहीं मानी गईं,तो सरकार को समझना चाहिए कि किसान संघर्ष करने वाली कौम है। किसान संगठनों ने एक महीने दिल्ली के बॉडर पर आंदोलन चलाकर सिद्ध भी किया है कि वो अपनी मांग मनवाकर ही वापिस कदम लेते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री कि 50 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम गोलमाल कोई छोटी राशी नहीं है। धरने पर कैलाश पालड़ी, किसान नेता राजकुमार हड़ोदी, रणधीर सिंह कुंगड़, रामपाल धारणी, सुमेर भांडवा, मास्टर रघुबीर सिंह,नरेश कादयान, पारस काकड़ौली, सीटू नेता सूमेर सिंह आदि मौजूद रहे।



**बाढड़ा।** धरनारत किसानों को संबोधित करते समाजसेवी महादेव बलाली।

# विधायक फरटिया ने दिया धरने को समर्थन

- किसान का बेटा हूं, किसानों के हर संघर्ष में उनके साथ रहूंगा : फरटिया

**हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू**

लोहारू में बीमा क्लेम राशि भुगतान को लेकर 20 दिन से लोहारू में चल रहे किसानों के महापड़ाव को लोहारू के कांग्रेसी विधायक राजवीर सिंह फरटिया ने समर्थन दिया है। सोमवार को किसानों के धरने पर पहुंचकर विधायक राजबीर फरटिया ने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं और किसानों के दर्द से वाकिफ हूं। मैं किसानों के हर संघर्ष में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा।

किसानों का हर संभव सहयोग करना उनकी कर्तव्य है। राजबीर फरटिया सोमवार को लोहारू में किसानों के महापड़ाव में पहुंचे थे। सोमवार को धरने की अध्यक्षता रामस्वरूप पातवान, जगदीश प्रधान, ईश्वर सिंह बिसलवास, रामकुमार पटवारी व धर्मपाल बारवास ने की जबकि मंच संचालन मा. जगरोशन, पृथ्वी सिंह गोठड़ा ने किया। विधायक राजवीर फरटिया ने कहा कि राजनीतिक संरक्षण द्वारा ही बीमा कंपनी ने इतने बड़े घोटाला को अंजाम दिया है। इस घोटाले की बड़े स्तर पर न्यायिक जांच करवाकर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि बकाया बीमा क्लेम का ब्याज सहित भुगतान किया जाए।



**लोहारू।** किसानों के धरने को समर्थन देने पहुंचे विधायक राजबीर फरटिया को धरनास्थन पर ज्ञापन देते यूनियन के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### किसानों ने सौंपा ज्ञापन

किसानों के धरने पर भवन निर्माण कामगार यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर विधायक राजबीर फरटिया को एक ज्ञापन भी सौंपा। सोमवार को जेजेपी की प्रत्याशी रही अलका आर्य के साथ जेजेपी के अनेक कार्यकर्ताओं ने किसानों के धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों का समर्थन किया। वहीं भाकियू युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद, मेवा सिंह आर्य, जिला अध्यक्ष विजय गोठड़ा, सुरेन्द्र किलका, धूप सिंह श्योराण, देवेंद्र नकीपुर, राजकुमार ओबरा, किसान नेता कविता पातवान एडवोकेट, डॉ. बलबीर ठाकन, सुमेर सिंह, बलवान बागडी, धर्मबीर, प्रभु सिंह, मा. राजपाल नम्बरमार, मांगेराम, रामपाल, सुमेश सिंह, नरेश पहाड़ी सहित अनेक किसान नेताओं ने संबोधित किया।

# पीएमश्री कन्या विद्यालय की टीम प्रथम

- 19 आयुवर्ग की कबड्डी व खो-खो स्पर्धाएं आयोजित हुई

**हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू**

चौधरी बंसीलाल स्टेडियम में आयोजित पांच दिवसीय जोनल स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान 19 आयुवर्ग की कबड्डी और खो-खो सहित कई स्पर्धाओं में पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय की टीम ने अव्वल स्थान हासिल किया है, जिसके लिए विद्यालय प्राचार्या दर्शना कुमारी व स्टाफ सदस्यों ने टीम के सदस्यों को बधाई दी है। प्रतियोगिता की जानकारी देते डीपीई विनोद बाक्सर ने बताया कि तीन दिनों के दौरान विभिन्न आयुवर्ग की एडलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, मुकेबाजी, बॉलीवाल सहित विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया, जिसमें खिलाड़ियों ने काफी उत्साह दिखाया। पांच दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन करवाया। तीसरे दिन कार्यक्रम में पहुंचे समाजसेवी मनीष शेखावत ने टीम के खिलाड़ियों के साथ परिचय किया और कहा कि खेल भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं। खो-खो, कबड्डी और कुश्ती जैसे खेलों को लेकर ग्रामीण युवाओं को हमेशा उत्साह रहा है। मनीष शेखाव ने कबड्डी व खो खो टीम के खिलाडियों के साथ परिचय किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। विनोद बॉक्सर ने बताया कि 17 आयुवर्ग में राजकीय उच्च विद्यालय सेहर की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। मंगलवार को 17 आयुवर्ग और 19 आयुवर्ग के लड़कों के मुकाबले आयोजित करवाए जाएंगे।



**लोहारू।** अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राजेश डांगी, सुमित शेखावत सहित स्टाफ सदस्य और खिलाड़ी इस मौके पर मौजूद रहे।

# थाना प्रभारी को बांधी राखी

- मनमुटाव भुलाकर सद्गुणों के बंधन में बंध नशामुक्त जीवन शैली अपनाएं : थाना प्रभारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी**

नशा मुक्त सद्भावना युक्त समाज बनाने के लिए सद्गुणों के बंधन में बंध जीवन को मूल्य निष्ठ बनाना होगा, तभी एक श्रेष्ठ, दिव्य समाज का निर्माण कर सकते हैं, यही सच्चा रक्षाबंधन पर्व मनाना है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझूकलां-कादमा शाखा के तत्वावधान में रक्षाबंधन पर नशामुक्त सद्भावना युक्त समाज अभियान के अंतर्गत झोझूकलां थाना प्रभारी बलबीर व संदीप कुमार साइबर क्राइम एसएचओ को रक्षासूत्र (राखी) बांधते हुए ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने व्यक्त किए।

थाना प्रभारी बलबीर सिंह ने कहा कि आपसी सद्भाव से ही समाज उत्थान संभव है, इस पावन अवसर पर हमें आपसी मनमुटाव भेदभाव को भुलाकर सद्गुणों के बंधन में बंध नशामुक्त जीवन शैली जीने का संकल्प लें तो हमारा समाज श्रेष्ठ बन सकता है। उन्होंने विशेष युवाओं से नशा मुक्त रह समाज उत्थान के कार्य में लगने का आह्वान किया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने झोझूकलां पुलिस थाना व साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के सभी पुलिस कर्मियों को राखी बांधी आत्म स्मृति का तिलक एवं मधुरता का प्रतीक मिठाई खिलाई। झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि वर्तमान समय समाज के हालात के अनुसार हर भाई को सभी बहने अपनी नजर आनी चाहिए तथा हर एक बहन को सभी अपने भाई नजर आने चाहिए, उनकी दृष्टि, वृत्ति, कृति शुद्ध ,पवित्र व श्रेष्ठ होनी चाहिए, तभी हम समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में ईर्ष्या द्वेष घृणा बढ़ रही है जिससे संबंध टूट रहे हैं।



**भिवानी।** पुलिसकर्मियों को राखी बांधती ब्रह्माकुमारी बहनें।

# तीसरी कक्षा के मृत्युंजय ने पाया दूसरा स्थान

- बड़े सपनों व उपलब्धियों की शुरुआत है मृत्युंजय की शुरूआती उपलब्धि

**हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी**

भीम स्टेडियम में आयोजित करवाए गए खंड स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में वीरवान पाना अहीरान गली निवासी तीसरी कक्षा के छात्र मृत्युंजय ने अंडर-11 आयु वर्ग की जिम्नास्टिक स्पर्धा में द्वितीय स्थान हासिल कर अपने परिजनों व क्षेत्रवासियों का नाम रोशन किया है। मृत्युंज की उपलब्धि पर उनके दादा परसराम यादव, दादी राजबाला, पिता अरूण यादव व माता मेनका सहित अन्य परिजनों ने खुशी जताते हुए कहा कि मृत्युंजय पिछले साढ़े तीन वर्षों से भीम स्टेडियम में कोच मनीष शर्मा के मार्गदर्शन में जिम्नास्टिक का प्रशिक्षण ले रहा है। उन्होंने बताया कि मृत्युंजय की रुचि देखकर वे हमेशा उसे प्रोत्साहित करते हैं। उसमें गजब की फुर्ती और सीखने की ललक है, जो एक अच्छे जिम्नास्ट के लिए बेहद जरूरी है। इसी प्रतिभा एवं मेहनत के बल पर उसने खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया है।



बाल खिलाड़ी मृत्युजंय।

## बीटी पंप व पाइप लाइन की जांच करवाने की ग्रामीणों ने लगाई गुहार

# गांव बड़ेसरा में जलभराव से किसान परेशान

- पानी निकासी के लिए बिछाए गए थे घटिया किस्म के पाइप

**हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी**

इस साल मानसून की भारी बारिश से गांव बड़ेसरा के किसान बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जहां उनके खेतों में 5-5 फीट तक पानी भर गया है। इस जलभराव के कारण उनकी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए हरियाणा कांग्रेस सेवा दल के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कादियान के नेतृत्व में सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण समाधान शिविर पहुंचे। समाधान शिविर में उन्होंने उपायुक्त के सामने अपनी समस्या रखी और जल्द से जल्द बरसाती पानी की निकासी करवाने की मांग की। इस मौके पर हरियाणा कांग्रेस सेवा दल के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कादियान ने कहा कि खेतों में पानी भर जाने से किसानों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि इस समस्या का समाधान तुरंत किया जाए।



**भिवानी।** पानी की निकासी की मांग को लेकर समाधान शिविर में जाते गांव बडेसरा के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

#### चार किलोमीटर की पाइप लाइन जगह-जगह टूटी

कादियान ने कहा कि गांव बड़ेसरा के खेतों से बाढ़ का पानी निकालने के लिए एक बीटी पंप लगाया गया था तथा लगभग चार किलोमीटर की पाइप लाइन बिछाई गई थी, जो कि बहुत ही घटिया किस्म के पाइप लगाए गए थे। अब वह लाइन बार-बार जगह-जगह से फट रही है तथा एक मोटर भी जल चुकी है। विभाग के एसडीओ को बार-बार सूचित करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव बड़ेसरा में बनी जलभराव की स्थिति के लिए एसडीओ ही जिम्मेवार है। उन्होंने मांग की कि वर्ष 2023 में बाढ़ का पानी उतारने के लिए बने बीटी पंप व पानी निकालने के लिए डाली गई लाइन को विजिलेंस जांच करवाई जाए, गांव बड़ेसरा के खेतों में खड़े पानी को निकलवाने का स्थाई प्रबंध करवाया जाए। इस अवसर पर सावन, वजीर डागर, बेदू, रमेश, बंटू, रोशन, लीला, धोला, सोमबीर, सुरेंद्र, पंकज, अजय, जगत, लाला, नरेंद्र, संदीप, विक्रम, फौजी डागर, राज सहित अन्य किसान मौजूद रहे।